(1)


# COLLEGE OF AGRICULTURE, BASERI, DHOLPUR

(SKN AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER-JAIPUR)
Centre of Excellence Mango, Khemri, Boreli(Baseri)Distt.Dholpur -328027

Dr Udai Bhan Singh
Prof & Dean

Mobile No. 9414714234
Email-dean.coabaseri@sknau.ac.in


No. F. /Acctts/COABaseri/2024-25/1733 Dated: 23.10.2024

## खुली निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्र के फार्म पर लगभग 19 हैक्टेयर क्षेत्रफल में रबी 2024–25 के लिए हिस्सा आधारित खेती करवाने हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता निविदा प्रपत्र ₹500/– रूपये केशियर को नगद/UPI/DD/Bankers Cheque जमा करवाकर कार्यालय समय प्रातः 10.00 से 5.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा फार्म श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविघालय, जोबनेर की वैबसाइट www.sknau.ac.in & https://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर निविदा फार्म का शुल्क राशि रूपये ₹500/– एवं धरोहर राशि ₹10000/– नगद/UPI/DD/Bankers Cheque कार्यालय में जमा करवाया जा सकता है। DD डीन कृषि महाविद्यालय बसेरी के नाम होना चाहिए। निविदा प्रपत्र दिनांक 26.10.2024 को सुबह 11.00 बजे तक कार्यालय में जमा कराने होंगे। निविदा दिनांक 26.10.2024 को सुबह बाद 11.30 बजे टेन्डर कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.sknau.ac.in & https://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय में देखा जा सकता है। इस निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

अधिष्ठाता

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित है:–

1. श्रीमान वित्त नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को भेजकर निवेदन है कि दिनांक 26.10.2024 को उक्त खुली निविदा हेतु अपना प्रतिनिधि भिजवाने का श्रम करावें।
2. श्रीमान कोषाधिकारी, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
3. कमेटी कन्वीनर/सदस्य/लेखाशाखा/.......................................................।
4. प्रभारी, सिमका श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त निविदा को www.sknau.ac.in & https://sppp.rajasthan.gov.in अपलोड करना सुनिश्चित करे।
5. कृषि महाविद्यालय, खेमरी फार्म, बसेड़ी, (धौलपुर) के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।

अधिष्ठाता

Scanned with CamScanner

②


# COLLEGE OF AGRICULTURE, BASERI, DHOLPUR

(SKN AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER-JAIPUR)

Centre of Excellence Mango, Khemri, Boreli (Baseri)Distt.Dholpur -328027

Dr Udai Bhan Singh
Prof & Dean

Mobile No. 9414714234
Email-dean.coabaseri@sknau.ac.in


No. F. /Acctts/COABaseri/2024-25/1733 Dated: 23.10.2024

फसल – रबी 2024–25 हिस्सा आधारित खेती हेतु निविदाऐं।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | हिस्सा आधारित खेती |
|---|---|---|
| 1 | बजट हेड़ | रिवोल्विंग फण्ड |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | 08 लाख रूपये |
| 3 | कार्य की अनुमानित अवधि | रबी 2024–25 (नवम्बर से अप्रेल तक) |
| 4 | फसलों का अनुमानित क्षेत्रफल | 19 हैक्टेयर |
| 5 | निविदा फार्म का शुल्क | ₹500 / – |
| 6 | धरोहर राशि | ₹10000 / : |
| 7 | निविदा फार्म प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | 26.10.2024 सुबह 10.30 बजे तक |
| 8 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि | 26.10.2024 सुबह 11.00 बजे तक |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि | 26.10.2024 सुबह 11.30 बजे |
| 10 | पत्र व्यवहार हेतु पता | अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, बसेड़ी (धौलपुर) पिन–328027 |

(signature)
अधिष्ठाता

Scanned with CamScanner

# COLLEGE OF AGRICULTURE, BASERI, DHOLPUR
(SKN AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER-JAIPUR)
Centre of Excellence Mango, Khemri, Boreli(Baseri)Distt.Dholpur -328027

Dr Udai Bhan Singh
Prof & Dean

Mobile No. 9414714234
Email-dean.coabaseri@sknau.ac.in


No. F. /Acctts/COABaseri/2024-25/1733 Dated: 23.10.2024

## निविदा विवरण

| क्र.सं. | रबी 2025 में बुबाई की जाने वाली फसल का नाम | अनुमानित क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 1. | सरसों | 3.5 हैक्टेयर |
| 2. | चना | 03 हैक्टेयर |
| 3. | गेहूं | 06 हैक्टेयर |
| 4. | जौ | 1.5 हैक्टेयर |
| 5 | सौंफ | 02 हैक्टेयर |
| 6 | मेथी | 02 हैक्टेयर |
| 7 | मसूर | 01 हैक्टेयर |
| कुल | | 19 हैक्टेयर |

**निविदा की शर्ते :–**

1 सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।

2 इच्छुक व्यक्ति या फर्म महाविद्यालय में निर्धारित प्रपत्र में अपना व महाविद्यालय का हिस्सा भरकर सीलबन्द लिफाफे में निविदा जमा करवा सकते है।

3 हिस्सेदार को 1000 रूपये प्रति हैक्टेयर के हिसाब से मौके पर ₹10000/– धरोहर राशि के रूप में जमा करवाने होगे एवं बकाया राशि कार्यादेश के अनुसार जमा करवानी होगी। उक्त राशि ₹10000/–को इस राशि में समायोजित कर लिया जाएगा जिस पर किसी प्रकार का कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा कार्य संतोधजनक पूर्ण होने पर वापिस कर दी जाएगी।

4 सफल हिस्सेदार को अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक के विवरण की स्वसत्यापित प्रति देनी होगी।

5 यह निविदा सभी कृषि कार्यो हेतु श्रमिकों की आपूर्ति के लिए है। बुवाई से लेकर फसल थ्रेसिंग एवं गोदाम तक तोलकर रखवाने तक की सभी प्रक्रियों में लगने वाले श्रमिक व्यय हिस्सेदार वहन करने होंगें।

6 विभिन्न प्रकार की शस्य क्रियायें फार्म इन्चार्ज व प्रभारी मैनेजर के निर्देशानुसार करनी होगी तथा सारा श्रमिक व्यय एवं लगने वाले औजारों की व्यवस्था स्वंय हिस्सेदार को ही वहन करनी होगी।

7 ट्रैक्टर सम्बन्धी कार्य तथा डिस्क प्लाउ,हैरो, कल्टीवेटर द्वारा भूमि तैयारी कार्य आदि कि आपूर्ति महाविद्यालय द्वारा ही की जावेगी। इसके बाद में सभी खर्चे (मजदूरी संबंधी) हिस्सेदार द्वारा वहन किये जायेगे।

8 बुवाई के दौरान एवं फसल वृद्दि के दौरान लगने वाले बीज, खाद एवं उर्वरक, खरपतवारनाशी, फंफूदनाशक, कीटनाशक, कल्चर इत्यादि की आपूर्ति महाविद्यालय द्वारा की जायेगी।

9 हिस्सेदार को सिंचाई सम्बन्धी पाईप,फव्वारे, बैंड, टी, डाट, लेजम पाईप आदि गिनकर लिखित रूप में प्राप्त करने होगे तथा कार्य समाप्त होने तक सारी जिम्मेदारी उनकी स्वंय की होगी एवं उतनी ही संख्या में गिनकर ही लौटाने होंगे। नही लौटाने पर इनकी कीमत चुकानी पडेगी।

10 थ्रेसिंग के बाद प्राप्त होने वाले बीज उत्पाद पर ठेकेदार का कोई हिस्सा नहीं होगा तथा बंटवारे के बाद ठेकेदार को राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित फसल निकालने के समय जो भी समर्थन मूल्य होगा उसके हिसाब से एवं जिन फसलों का समर्थन मूल्य निर्धारित नहीं हुआ हो तो उन फसलों का फसल काटने के समय कृषि उपज मण्डी के 7 दिनों के औसत भाव के आधार पर या महाविद्यालय द्वारा विक्रय किये केवीवीएसएस दर पर उस हिस्से के उत्पाद का चैक द्वारा भुगतान फार्म प्रभारी की संतोषजनक रिपोर्ट प्राप्त होने एवं कोष कार्यालय से प्रीआडिट होने पर कर दिया जायेगा। ठेकेदार के भुगतान के उपरान्त महाविद्यालय अपने उत्पाद को किसी भी रूप में बेचे इसमें ठेकेदारों को कोई आपत्ति नहीं होगी।

11 फार्म पर कृषि कार्यो के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना होने, सांप काटने, बिजली से अन्य किसी उपकरणों से या लापरवाही से दुर्घटना होने पर महाविद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। तथा पूर्ण जिम्मेदारी हिस्सेदार की होगी।

12 फसल कटाई के मामलों में कटी हुई फसलों को कहां इकट्ठा करना है व कितने ढेर बनाने है इसके लिये फार्म मैनेजर व प्रभारी अधिकारी से सम्पर्क करना होगा। थ्रेसिंग का कार्य सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक किया जायेगा।

Scanned with CamScanner

13 फसल की थ्रेसिंग के पश्चात् साफ किये फसल उत्पादन को बोरियों में भरकर फार्म मैनेजर/फार्म ईन्चार्ज द्वारा बताये अनुसार तोलकर गोदाम में बोरियों की धांग हिस्सेदार को लगानी होगी। वजन तोलते समय नमी एवं कचरे का 2 प्रतिशत काटा जावेगा।

14 फसलों की थ्रेसिंग के लिए थ्रेसिंग व ट्रैक्टर व डीजल कार्यालय द्वारा दिया जाएगा व लेबर निविदादाता के होंगे।

15 कटाई के बाद फसलों को इकटठा करने एवं थ्रेसिंग के बाद फसल उत्पादन को खलिहान से गोदाम तक लाने के लिये ट्रैक्टर ट्रॉली फार्म द्वारा उपलब्ध करवाई जावेगी।

16 पम्प व टयूबवैल मोटर आपरेशन निविदादाता को ही करना होगा। सिंचाई हेजु पंप सेट व डीजल की व्यवस्था महाविद्यालय द्वारा की जायेगी।

17 आवास की व्यवस्था हिस्सेदार को ही करनी होगी। कार्यालय द्वारा कोई सुविधा देय नही होगी।

18 फार्म की फसलों की रखवाली दिन–रात की हिस्सेदार द्वारा की जावेगी। कार्यालय की जिम्मेदारी नहीं होगी तथा कृषि कार्य के दौरान पूर्व में लगे हुए फल वृक्षों तथा सिचाई व अन्य नालियों को कोई क्षति नहीं होनी चाहिए। क्षति की क्षतिपूर्ति निविदादाता को करनी होगी।

19 निविदादाता बुबाई, सिचाई, खरपतवार नियंत्रण, कीट एवं बीमारियों के पेस्टिसाइड का छिडकाव, रोगिंग, फसल कटाई, फसल इकटठा करना, थ्रेसिंग, बोरियां भरना व बोरियों की गोदाम में धांग तथा फसल के दौरान लगने वाले श्रमिक निविदादाता को उपलब्ध करवाने होंगे।

20 प्रथम वरियता प्राप्त पार्टी द्वारा कार्य नहीं संभालने पर ठेका निरस्त करके अगली वरियता पार्टी को कार्य का आदेश प्रभारी अधिकारी दे सकेगे। अनुबन्ध की अवधि आदेश की तारीख से ठेका खत्म होने तक मान्य होगा। अनुबन्ध की अवधि कार्य संतोषजनक होने पर सक्षम अधिकारी के अनुमोदन पश्चात् आपसी सहमति अगले सीजन के लिये बढाई जा सकती है।

21 निविदादाता की कोई शर्त मान्य नहीं होगी। तथा हिस्सेदार या उसके मजदूर फार्म पर मदिरा या अन्य नशा साम्रगी का उपयोग नही करेगे।

22 फार्म कार्य संतोषजनक नही होने पर अधोहस्तरकर्ता को निविदा को निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार होगा। तथा जमा धरोहर राशि को जब्त कर लिया जावेगा। जो कि हिस्सेदार को मान्य होगा।

23 किसी भी प्रकार के विवाद के निपटारे हेतु विवाद कुलपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर (जयपुर) के आर्बीटेशन में प्रस्तुत करना होगा एवं उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

24 धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

25 इन सभी कृषि कार्यो हेतु किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान देय नहीं होगा।

26 सफल निविदादाता को 500/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर समस्त शर्तो के तहत कार्य करने व ठेकेदार द्वारा लगाये गये श्रमिकों की पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार की होगी ऐसा लिखकर दो गवाहों के हस्ताक्षर करवाकर प्रस्तुत करना होगा।

27 निविदादाता सम्पूर्ण फसल मौसम में श्रमिकों का भुगतान स्वयं करेगा।

28 अनुमोदित निविदादाता को कार्यादेष जारी किये जाने से पूर्व निविदा स्वीकृति के सात दिवस में रू0 500/– नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर अनुबंध निष्पादित कराना होगा व आदेशानुसार शेष धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

29 अन्तिम भुगतान हेतु ठेकेदारों को सभी श्रमिकों का कार्य का भुगतान कर देने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

30 किसी भी कृषि कार्य को मौसम के अनुसार राकने व चालू करने का अधिकारी फार्म प्रभारी को होगा।

31 किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा आदि से होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।

डीन

मैं/हम यह घोषणा करते हैं कि यदि मैं/हम निविदा में दर्शाई गई शर्तों एवं नियम का पालन नहीं करता/ करते हैं तो हमारी बिड सिक्यूरिटी पर परफॉरमेन्स सिक्यूरिटी को जब्त कर लिया जाये। मैंने/हमनें निविदा की सभी शर्तों/ नियमों को भलीभांति पढ़ लिया है, समझ लिया है तथा उनसे मैं/ हम पूर्णयता सहमत है।

हिस्सेदार के हस्ताक्षर मय दिनांक

नाम :–
पता:–
मो0 न0:–

Scanned with CamScanner

(5)

प्रपत्र 'स'

## निविदादाता द्वारा घोषणा

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं, कि हमने जिन कार्यालय में कार्य किया है विगत 3 वर्षो में किसी भी कारण से हमें किसी भी सरकारी विभाग/उपक्रम/कम्पनी द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है।

हम यह भी घोषणा करते है कि हमें किसी भी न्यायालय द्वारा सामान प्रदायगी में कोई वाद लम्बित नहीं है तथा इस विषयान्तर्गत हमें किसी भी न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।

निविदादाता के हस्ताक्षर

Scanned with CamScanner

# कृषि महविद्यालय, बसेडी–धौलपुर

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विष्वविद्यालय, जोबनेर)

No. F. /Accts/COABaseri/2024-25/1733 Dated: 23.10.2024

खुली निविदा हेतु वाछिंत दस्तावेजात की सूची निम्न प्रकार संलग्न करें

| क.सं. | आवश्यक दस्तावेजात का विवरण | संलग्न सूची कमांक |
|---|---|---|
| 1. | पैन कार्ड स्वप्रमाणित फोटो प्रति | |
| 2. | ब्लैक लिस्ट न होने का घोषणा प्रपत्र 'स' | |
| 3. | निविदा प्रपत्र शुल्क रुपये ₹500/– | |
| 4. | धरोहर राशि रुपये 10000/– | |
| 5. | शर्तो पर सहमति पत्र | |
| 6. | आधार कार्ड स्वप्रमाणित फोटो प्रति | |
| 7. | बैंक पासबुक/केन्सिल चैक स्वप्रमाणित फोटो प्रति | |

नोटः– उपरोक्त वाछिंत दस्तावेजात के अभाव में निविदा अनुत्तरदायी माना जावेगा एवं उसकी निविदा पर विचार नही किया जावेगा। अनुत्तरदायी होने पर फर्म की वित्तीय निविदा को नही खोला जावेगा। उपरोक्त दस्तावेज सूची अनुसार तकनीकी प्रपत्र के साथ आवष्यक रुप से संलग्न करें।

निविदादाता के पूर्ण हस्ताक्षर
तिथि पूर्ण पता एवं मोबाईल नम्बर

अधिष्ठाता
कृषि महाविद्यालय, बसेडी–धौलपुर

Scanned with CamScanner

# कृषि महाविद्यालय, बसेडी–धौलपुर

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

No. F. /Acctts/COABaseri/2024-25/1733 Dated: 23.10.2024

## निविदादाता द्वारा किये जाने वाले कार्य व प्रतिशत हिस्सा का विवरण

### वित्तीय निविदा प्रपत्र–1

| क्र0 सं0 | फसल | विवरण | निविदादाता द्वारा प्रस्तावित स्वंय का हिस्सेदारी प्रतिशत | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सरसों | 1. दाना | | |
| | | 2. तूडी | | |
| 2 | चना | 1. दाना | | |
| | | 2. भूसा | | |
| 3 | गेहूं | 1. दाना | | |
| | | 2. भूसा | | |
| 4 | जौ | 1. दाना | | |
| | | 2. भूसा | | |
| 5 | सौंफ | 1. दाना | | |
| 6 | मसूर | 1. दाना | | |
| | | 2. भूसा | | |
| 7 | मेथी | 1. दाना | | |
| | | 2. भूसा | | |

हस्ताक्षर ठेकेदार

Scanned with CamScanner